षोडश

बिहार विधान सभा

सप्तम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 31 श्रावण, 1939 (श0) / 22 अगस्त, 2017 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1) शिक्षा विभाग	01
(2) समाज कल्याण विभाग	01
कुल योग —	02

दोषी पर कार्रवाई करना

1. श्री अजीत शर्मा--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 अगस्त, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''764 करोड़ का महाघोटाला, 7 केस, 7 को जेल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में सरकारी विभाग से 764 करोड़ रुपये की अवैध निकासी कर उसे सृजन महिला विकास समिति लिमिटेड के खाते में ट्रान्सफर किया गया जिससे यह घोटाला उजागर हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त घोटाला का उच्चस्तरीय जाँच कर दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

योजना चालू कराना

2. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्व0 श्रुति लाल मंडल, पी0एम0सी0एच0, पटना के प्रसिद्ध चिकित्सक ने गरीब मेधावी छात्रा के लिये डॉ0 श्रुति लाल मंडल मेरिट कम पोभरटी स्कॉलरशिप योजना चालू करने हेतु अपने पत्र दिनांक 31 मई, 2017, 1 अगस्त, 2017 एवं 28 अप्रील, 2008 द्वारा कुलपति, पटना वि0 वि0 से अनुरोध किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पत्र पर पटना विश्वविद्यालय के विद्वत परिषद् द्वारा दिनांक 24 नवम्बर, 2008 एवं अभिषद द्वारा 13 जनवरी, 2009 को स्वीकृति दी गयी, जिसके अनुपालन में डॉ0 मंडल द्वारा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट सं0 608892 एवं 608893, दिनांक 23 जून, 2009 द्वारा दस लाख रुपये की राशि कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय को दी गयी लेकिन आजतक योजना चालू नहीं हुई, यदि हाँ, तो योजना चालू नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक इसे चालू कराने का विचार रखती है ?

पटना :
दिनांक 22 अगस्त, 2017 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 28-डी0टी0पी0-500